# "Jagdish Chandra Bose Science Society"

## Activities in session -2022-23

This society of the Faculty of Science strives to generate interest in science among the students in the college. In this session, through the Society, the work of making the students familiar with the employment opportunities available in the field of science was done through the subject societies. Societies also keep the students familiar with the progress in the field of science from time to time. This year on the occasion of "National Science Day 2023" various competitions like Poster Making, Slogan Writing, Project Making from Waste, Project Making (Science Working Model), Rangoli Competition, Speech Competition, Quiz Competition, Traditional Folk-Dance Competition, Folk Dance competition, drama competition, classical, solo dance competition etc. were organized in which around 102 students of the college participated.

**NEWS COVERAGE OF MEGA EVENT ORGANIZED BY J. C. Bose Science Society on 28th February,2023**



(HIMACHAL DASTAK) IMG-20230301-WA0024.jpg Dated 28/02/2023

# ...रसोग कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस


करसोग कॉलेज में आयोजित क्विज कंपीटिशन में भाग लेते विद्यार्थी।

**हिमाचल दस्तक ■ करसोग**

करसोग कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें विज्ञान संकाय के साथ-साथ कॉमर्स और कला संकाय के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। महाविद्यालय की ओर से जेसी बोस साइंस सोसाइटी ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें विद्यार्थियों के लिए 10 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन महाजन मौजूद रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. यमुना शर्मा उपस्थित रहीं। समन्वयक प्रो. पंकज गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिताओं में 102 छात्रों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग में वैशाली ठाकुर प्रथम, विशाली द्वितीय और प्रिया तृतीय स्थान पर रही। रंगोली में ईशा वर्मा, प्रियंका और नेहा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान अर्जित किया। प्रोजेक्ट मेकिंग में पंकज शर्मा प्रथम स्थान पर रहे, जबकि मासूम दूसरे व रितिका तीसरे स्थान पर रही। वेस्ट मैटीरियल साइंस प्रोजेक्ट मेकिंग प्रतियोगिता मे रजत प्रताप ठाकुर प्रथम, पूर्वा ठाकुर द्वितीय और अंजलि ने तृतीय स्थान अर्जित किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में चंद्रकांत प्रथम, मासूम द्वितीय और पलक ठाकुर तृतीय स्थान अर्जित किया। क्विज स्पर्धा मे तृतीय वर्ष नॉन मेडिकल के पलक और अक्षिता ने प्रथम स्थान अर्जित किया, जबकि अमन वर्मा और अंजलि नॉन मेडिकल से द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान बीएससी मेडिकल फर्स्ट ईयर से दीक्षित और निकिता ने हासिल किया।

<u>Press coverage and photographs of these events are as follows: -</u>



# NOTICE

Dated- 25/02/2023

This is for the information for all the students that the college **"J.C.BOSE SCIENCE SOCIETY"** is **organizing various competitions on "National Science Day" i.e. 28/02/2023 at 11.00am in College Multipurpose Hall.** The students who desire to participate in events can give their names to the following committee members ***before 3.00 pm dated 27/02/2023.***

| NAME OF EVENT | COMMITTEE MEMBERS/ Judges of Event | Timing/ venue | THEME OF EVENT |
|---|---|---|---|
| POSTER MAKING *(Individual event)* *Time 1.30 Hours* *Bring your colours, Chart will be provided in college* | *Ms.SoniaChaudhary(Dept. of Pol. Science)* *Ms. Poonam Thakur (Dept. of Botany)* *Ms. Vidya Devi (Dept. of Commerce)* | *On spot- to be prepared in Room-Zoology Lab at 10.00 am* | *"Renewable Energy-our common future"* |
| SLOGAN WRITING *(Individual event)* *Time 1.30 Hours* *Bring your colours, Chart will be provided in college* | *Ms.SoniaChaudhary(Dept. of Pol. Science)* *Ms. Poonam Thakur (Dept. of Botany)* *Ms. Som Krishan (Dept. of Commerce)* | *On spot- to be prepared in Room-Zoology Lab at 10.00 am* | *"Save Soil "* |
| PROJECT MAKING (Model From waste material) *(Individual event)* | *Ms. Ruchi Narang (Dept. of Mathematics)* *Mr. Pankaj Gupta (Dept. of Zoology)* *Dr. Prem Prakash (Dept. of Economics)* | *Project to be prepared in home and to be displayed outside Hall at particular space (10.45am)* | *"Any project related to Science and Technology/ Save Environment"* |
| PROJECT MAKING (Working Science Model) *(Individual event)* | *Ms. Ruchi Narang (Dept. of Mathematics)* *Mr. Pankaj Gupta (Dept. of Zoology)* *Dr. Prem Prakash (Dept. of Economics)* | *Project to be prepared in home and to be displayed outside Hall at particular space (10.45am)* | *"Any project related to Science and Technology"* |
| RANGOLI COMPETITION *(Individual event)* *Time- 01 hour* *Bring your colours* | *Ms. Ruchi Narang (Dept. of Mathematics)* *Mr. Pankaj Gupta (Dept. of Zoology)* *Dr. Prem Prakash (Dept. of Economics)* | *On spot- to be prepared in space outside Hall (near Badminton court) at 10.00am* | *"Save Earth"* |
| DECLAMATION *(Individual event)* *Time- 3- 5 minutes* | *Dr. Savitri Thakur (Dept. of Hindi)* *Dr. Leeladhar (Dept. of English)* *Mr. Bishm (Dept. of Sociology)* | *11.30 am* *Venue- HALL* | *"Science and Global Peace"* |
| QUIZ (Interclass-02 participants) | *Ms. Ruchi Narang (Dept. of Mathematics)* *Ms. Vidya Devi (Dept. of Commerce)* *Ms. Poonam Thakur (Dept. of Botany)* *Ms. Shalini (Dept. of Chemistry)* | *12.10 noon* *Venue- HALL* | *" Based on Science . "* |
| FOLK DANCE COMPETITION (Interclass- maximum -06 participants) Time 5-6 minutes | *Dr. Savitri Thakur (Dept. of Hindi)* *Dr. Leeladhar (Dept. of English)* *Mr. Rishabh Bhardwaj (Dept. of Music)* | *01.30pm onwards* *Venue- HALL* | *"Indian Culture"* |
| SKIT COMPETITION (Interclass- maximum -05 participants) Time 6-8 minutes | *Dr. Savitri Thakur (Dept. of Hindi)* *Dr. Leeladhar (Dept. of English)* *Mr.Rishabh Bhardwaj (Dept. of Music)* | *01.30pm onwards* *Venue- HALL* | *"Save Earth- Save our Environment"* |
| CLASSICAL SOLO DANCE *(Individual event)* Time 3-4 minutes | *Dr. Savitri Thakur (Dept. of Hindi)* *Dr. Leeladhar (Dept. of English)* *Mr. Rishabh Bhardwaj (Dept. of Music)* | *01.30pm onwards* *Venue- HALL* | *"Indian Culture"* |

Convener
Asstt. Professor
Govt. College Karsog
District Mandi (HP)

Principal
Principal
Govt. College Karsog
Distt. Mandi (H.P.)




Quiz competition in progress on National Science Day-2023






Classical Sola dance performance in J.C. Bose. Science Society Function






Folk Dance Competition in progress during J. C. Bose. Science Society Function










Rangolis on theme- "Save Earth" made by participants on J. C. Bose Science Society Function

News Coverage on Premiere Newspaper of North India- Divya Himachal on 28-02-2023(Digital copy)



(DIVYA HIMACHAL) IMG-20230301-WA0026.jpg Dated: 28/02/23

# विज्ञान दिवस पर दिखी छात्रों की प्रतिभा

## डिग्री कॉलेज करसोग में आयोजित किया गया कार्यक्रम, 10 प्रतियोगिताओं में 102 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**कार्यालय संवाददाता। करसोग**

राजकीय महाविद्यालय करसोग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023, धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय समेत सभी विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। महाविद्यालय की ओर से जेसी बोस साइंस सोसायटी ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गुलशन महाजन ने शिरकत की तथा बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर डॉक्टर यमुना शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग समेत 10 प्रतियोगिताएं करवाई गईं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नाटक, डांस तथा क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जेसी बोस सोसाइटी के समन्वयक प्रोफेसर पंकज गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि महाविद्यालय में सोसाइटी वर्ष 2013 से इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हर वर्ष विज्ञान दिवस पर करवाती बाई है। उन्होंने बताया कि विज्ञान दिवस भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन को समर्पित है जिन्होंने फिजिक्स में रमन इफेक्ट खोज नोबेल पुरस्कार अर्जित किया था। मुख्य अतिथि कहा कि विज्ञान हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है तो वहीं चेताया कि जिस प्रकार आज के समय में मोबाइल का यूज बढ़ रहा है जिसके कारण विद्यार्थी पढ़ाई से दूर होते जा रहे हैं। कार्यक्रम में कुल 10 प्रतियोगिताओं में 102 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग में वैशाली प्रथम, विशाली द्वितीय और प्रिया तृतीय स्थान पर रहे। जबकि स्लोगन राइटिंग में दिव्या प्रथम, नितिशा द्वितीय और अंजलि तृतीय स्थान पर रही। रंगोली में ईशा, प्रियंका और नेहा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार अर्जित किए। प्रोजेक्ट मेकिंग में पंकज प्रथम, मासूम द्वितीय और रितिका तृतीय रहे। वेस्ट मटेरियल साइंस प्रोजेक्ट मेकिंग प्रतियोगिता में रजत प्रताप प्रथम, पूर्वा द्वितीय और अंजलि तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में चंद्रकांत प्रथम, मासूम द्वितीय और पलक तृतीय रहे। क्विज में पलक और अक्षिता ने प्रथम, अमन वर्मा और अंजलि द्वितीय स्थान तथा दीक्षित और निकिता ने तृतीय स्थान हासिल किया।

सोलो डांस-गीत में स्नेहा ने प्रथम, आस्था दूसरे तथा मासूम तीसरे स्थान पर रहे। महाविद्यालय की ओर से सभी मेहमानों, स्टाफ तथा विद्यार्थियों का प्रो. रुचि नारंग ने धन्यवाद किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका में रहे प्रो.सोनिया चौधरी, प्रो.पूनम ठाकुर, प्रो. विद्या देवी, प्रो. सोम किशन, डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. सावित्री ठाकुर, प्रोफेसर लीलाधर, प्रोफेसर ऋषभ भारद्वाज का महाविद्यालय की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

[NATIONAL SCIENCE DAY - 2023]

J.C. Bose Science Society members also participated in blood donation camp organized by college on 01/12/2022”-

दैनिक भास्कर

हिमाचल 02-12-2022

## जोनल हॉस्पिटल मंडी ब्लड बैंक में बहुमूल्य जीवन बचाने के आएगा काम

# करसोग महाविद्यालय में 50 लोगों ने लिया रक्तदान

करसोग| करसोग महाविद्यालय रक्त रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 छात्रों ने रक्तदान का महादान का पुनीत कार्य किया। शिविर में एकत्रित हुए रक्त को जोनल अस्पताल मंडी के ब्लड बैंक को भेजा गया है। जहां ये ब्लड लोगों के बहुमूल्य जीवन बचाने के काम आएगा। रक्तदान शिविर के लिए जोनल हॉस्पिटल मंडी से ब्लड बैंक की विशेष टीम महाविद्यालय पहुंची थी। रक्तदान शिविर का शुभारंभ एसडीएम सुरेंद्र ठाकुर ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत बड़ा महादान है। जो अस्पताल में कई जरूरतमंद लोगों की जान बचाने का काम आता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में इस तरह के शिविर आयोजित होंगे।

रक्तदान शिविर में रोवर रेंजर इकाई, नेशनल कैडेट कोर ,राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब ,जूलॉजी सोसाइटी सब्जेक्ट सोसाइटी के छात्रों, क्लब के मेंबर्स सहित प्रो. पंकज गुप्ता व सुपरिंटेंडेंट नंदकिशोर ने भी रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त करसोग बाजार से नितिन गुप्ता व हितेश गुप्ता ने भी महादान किया। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य डॉ. यमुना शर्मा, प्रो. पंकज गुप्ता, प्रो. प्रेम प्रकाश, प्रो. बीरबल ठाकुर, प्रो. वर्षा वर्मा, प्रो.सोनिया चौधरी, प्रो.लीलाधर, प्रो. डालिम कुमार, प्रो. सोमकृष्ण, सुपरिंटेंडेंट नंदकिशोर, शेर सिंह व टेकचंद उपस्थित रहे। शिविर में एचडीएफसी बैंक की ओर से रक्तदाताओं के लिए जूस और फल फ्रूट वितरित किए गए। एचडीएफसी बैंक की ओर से यूनिट हेड पवन कुमार सहित जितेंद्र कुमार, रूबीन, मुकेश, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र व लीलाधर उपस्थित रहे।



करसोग महाविद्यालय में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर।

Divya Himachal HD

# करसोग कालेज के छात्रों ने जुटाया 50 यूनिट खून



करसोग। राजकीय महाविद्यालय करसोग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान जीवन में किए जाने वाले सर्वोच्च दान की श्रेणी में सम्मिलित किया जाता है। महाविद्यालय पिछले कई वर्षों से हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहा है, इसी कड़ी में इस सत्र के लिए भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 यूनिट ब्लड एकत्रित कर कर जोनल हॉस्पिटल मंडी ब्लड बैंक के लिए भेजा गया। इस रक्तदान को सफल बनाने के लिए जोनल हॉस्पिटल मंडी से ब्लड बैंक टीम की विशेष टीम महाविद्यालय में आई। कार्यक्रम का आयोजन एवं विधिवत उद्घाटन एसडीएम करसोग सुरेंद्र ठाकुर के कर कमलों के द्वारा हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अन्य ब्लड डोनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस पुनीत कार्य में भाग ले रहे हैं एजिससे कई जरूरतमंद लोगों की जान विपरीत परिस्थितियों में अस्पताल में बच पाती है। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन होंगे और इस आयोजन से अन्य भी सीख लेंगे।

## Sardar Patel University Team Visit to the Institution

## (Special Visit to different Departments of Sciences) 24-02-23




## J. C. Bose. Science Society rendered services in "Science exhibition for school children's" organized in Local Nalwad Fair at Karsog (1st to 6th APRIL,2023)



# करसोग नलवाड़ मेले में होगी विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता—करसोग

करसोग क्षेत्र के सुप्रसिद्ध नलवाड़ मेला धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही हैं। इसी संदर्भ में नलवाड़ मेला की थीम इस वर्ष पुस्तक एवं विज्ञान निर्धारित किया गया है। सभी विद्यार्थियों के लिए विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एक टीम में अधिकतम तीन विद्यार्थी हो सकते हैं, जो कि निम्नलिखित विषय पर लाइव मॉडल या क्रियाशील प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत कर सकते हैं। यह मॉडल स्थाई जीवन के लिए विज्ञान, मौसम और जलवायु पर मानव गतिविधियों का प्रभाव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण एवं वैश्विक भलाई के लिए विज्ञान विषय पर आधारित होने चाहिए। यह प्रतियोगिता सात अप्रैल 2023 को प्रातः 10 बजे मेला मैदान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक विषय में प्रथम पुरस्कार की राशि 3000 तथा द्वितीय पुरस्कार की राशि 2000 निर्धारित की गई है। उपमंडल करसोग के सभी विद्यालयों के छात्र इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। इसके अलावा उपरोक्त चारों विषयों में से सबसे अव्वल रहने वाली टीम को विधायक दीपराज की तरफ से 51000 की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा तथा आईआईटी भ्रमण का मौका भी दिया जाएगा।

## प्रैस विज्ञप्ति

इस वर्ष नलवाड़ मेला करसोग की थीम "पुस्तक एवम् विज्ञान" मेला निधारित की गई है। जिसमें उप–मण्डल करसोग के सभी विद्यालयों के विद्यार्थीयों के लिए विज्ञान के प्रचार एवं प्रसार हेतु विज्ञान मॉडल की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एक टीम में अधिकतम 3 विद्यार्थी हो सकते हैं, जोकि निम्नलिखित विषय पर लाईव (Live Modal) मॉडल व क्रियाशील प्रौजेक्ट (Working Project) बनाकर प्रस्तुत कर सकते हैं:–

1. स्थाई जीवन के लिए विज्ञान
   (Science for Sustainable Living)
2. मौसम और जलवायु पर मानव गतिविधियों का प्रभाव
   (Impact of Human Activities on Weather and Climate)
3. विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण
   (Integrated Approach in Science and Technology)
4. वैश्विक भलाई के लिए विज्ञान
   (Science for Global Wellbeing)

यह प्रतियोगिता 07 अप्रैल 2023 को प्रातः 10:00 बजे मेला मैदान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक विषय में प्रथम व द्वितिय पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम पुरस्कार की राशि मु0 3000/- रू. तथा द्वितिय पुरस्कार मु0 2000/- रू. रहेगी। अधिक जानकारी के लिए आप प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय करसोग एवं प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग से सम्पर्क कर सकते है। उपरोक्त चारों विषय में सबसे अव्वल रहने वाली टीम को माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र 26 करसोग जिला मण्डी (हि0प्र0) की तरफ से मु0 51000/- रूपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा तथा इसके अतिरिक्त उनके द्वारा किसी भी आई0आई0टी0 को भ्रमण करने का मौका भी दिया जाएगा।

नोडल अधिकारी
पुस्तक एवं विज्ञान कमेटी
नलवाड मेला करसोग।

The Society Convenor Sh. Pankaj Gupta along with few members OF J. C. Bose. Science Society actively rendered services in making Nalwad Mela Science Fair for school children's a successful event.

Principal
Govt. College Karsog
Distt. Mandi (H.P.)

**Principal**

**Dated 03-06-2023**

**Government College Karsog,**

**District Mandi (H.P)-175011**